# CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT
# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

पत्रांक : बी0एड0 परीक्षा/ 4267
दिनांक : 02.02.2026

## विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी (उ0प्र0) द्वारा आयोजित बी0एड0/स्पेशल बी0एड0 (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) संयुक्त प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित काउन्सलिंग एवं विश्वविद्यालय पोर्टल पर अल्पसंख्यक संस्थानों में पंजीकृत (बी0एड0/स्पेशल बी0एड0) के माध्यम से चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों/संस्थानों में प्रवेशित छात्रों के निम्नांकित सत्र/वर्ष के परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के ऑन लाईन पोर्टल पर उपलबध लिंक https://annual.ccsuniversityweb.in एवं helpdeskccsuweb@gmail.com पर भरवाये जायेंगे। यदि विद्यार्थियों को कोई समस्या आती है तो सहायता हेतु दूरभाष नम्बर 9259089985 व 9560014163 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

01. बी0एड0/स्पेशल बी0एड0 सत्र (2024–2026) द्वितीय वर्ष मुख्य परीक्षा जिसका अनुकमांक 25 से प्रारम्भ है, से सम्बन्धित विद्यार्थीयों हेतु।
02. बी0एड0/स्पेशल बी0एड0 सत्र (2023–2025) द्वितीय वर्ष बैक एवं भूतपूर्व परीक्षा जिसका अनुकमांक 24 से प्रारम्भ है, से सम्बन्धित विद्यार्थियों हेतु।
03. बी0एड0/स्पेशल बी0एड0 सत्र (2024–2026) प्रथम वर्ष बैक एवं भूतपूर्व परीक्षा जिसका अनुकमांक 25 से प्रारम्भ है, से सम्बन्धित विद्यार्थियों हेतु।
04. बी0एड0/स्पेशल बी0एड0 सत्र (2023–2025) प्रथम वर्ष केवल भूतपूर्व परीक्षा जिसका अनुकमांक 24 से प्रारम्भ है, से सम्बन्धित विद्यार्थियों हेतु।

उपरोक्त सत्र/वर्ष से सम्बन्धित परीक्षा फार्म भरने हेतु विश्वविद्यालय का पोर्टल निम्नांकित तिथियों के अनुसार अवसर प्रदान किया जाता है। विद्यार्थी अपना परीक्षा फार्म भरने व शुल्क जमा करते ही परीक्षा फार्म कालेज में (हार्ड कोपी) जमा कराये।

यदि कोई विद्यार्थी उपरोक्त से इतर सत्र/वर्ष का परीक्षा फार्म भरता है तो वह स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने व परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रारम्भिक तिथि | 05.02.2026 |
| परीक्षा फार्म भरे जाने व परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथिः | 28.02.2026 |
| विलम्ब शुल्क रूपये 250 के साथ परीक्षा फार्म भरने व परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि : | 01.03.2026 एंव 02.03.2026 |
| विलम्ब शुल्क रूपये 500 के साथ परीक्षा फार्म भरने व परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि : | 03.03.2026 एवं 04.03.2026 |
| विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा फार्म (हार्ड कोपी) महाविद्यालय में जमा करने की तिथि | 05.02.2026 से 06.03.2026 |
| परीक्षा फार्मो को महाविद्यालय द्वारा सत्यापित/कन्फर्म करने की तिथि | 05.02.2026 से 09.03.2026 |

भरे गये परीक्षाफार्म विश्वविद्यालय पोर्टल से प्राप्त (एन0आर0), बी0एड0 प्रथम वर्ष, शैक्षिक व जाति प्रमाण पत्र सहित विश्वविद्यालय में जमा करने की जनपद बार तिथि

| | | |
|---|---|---|
| (बागपत व गाजियाबाद) | : | 10.03.2026 |
| (बुलन्दशहर व गौतमबुद्ध नगर) | : | 11.03.2026 |
| (हापुड व मेरठ) | : | 12.03.2026 |

**नोटः कोई भी विद्यार्थी द्वितीय वर्ष, बैक परीक्षा तथा भूतपूर्व परीक्षा फार्म के साथ मूल माइग्रेसन जमा न करें। मुख्य परीक्षा तथा भूतपूर्व विद्यार्थी का परीक्षा फार्म एक साथ नही भरा जायेगा।**

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थान संचालित (बी0एड0/स्पेशल बी0एड0 पाठ्यक्रम), सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. वैयक्तिक सहायक कुलपति को, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियत्रंक को, परीक्षा नियत्रंक जी के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
5. वैयक्तिक सहायक वित्त अधिकरी को, वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
6. प्रभारी कम्प्यूटर सेण्टर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. प्रबन्धक/प्रभारी, अधिकृत एजेन्सी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप कुलसचिव (बी0एड0 परीक्षा)